प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 01 जनवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में राज्य की मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल महोदय ने भी श्रीमती तिवारी को नव वर्ष की मंगलकामनाएं प्रेषित की।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री अनुराग गुप्ता ने भेंट की और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल महोदय ने भी पुलिस महानिदेशक को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। राज्यपाल महोदय ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

---

(4) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन, राँची में राँची विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ॰ अजीत कुमार सिन्हा ने भेंट कर राज्यपाल महोदय को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। राज्यपाल महोदय ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

---

(5) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी व माननीया विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन ने भेंट की। इस अवसर पर दोनों ने राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल महोदय ने भी माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीया विधायक को नव वर्ष की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

---

(6) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने भेंट की। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने राज्यपाल महोदय को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल महोदय ने भी कुलपति महोदय को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

---

(7) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी), राँची के कुलपति प्रो. डी.के. सिंह ने राज भवन में भेंट कर राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। राज्यपाल महोदय ने भी कुलपति महोदय को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

---

(8) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति प्रो. एस. सी. दुबे ने राज भवन में भेंट कर राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल महोदय ने भी कुलपति महोदय को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

---

(9) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. जमाल अहमद ने भेंट कर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल महोदय ने भी डॉ. अहमद को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी।